06/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन- एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुने जाने के साथ ही केन्द्र में नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनडीए नेताओं की बुधवार को नई दिल्ली में हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के कार्यकाल में पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि देश की जनता ने छह दशकों के बाद लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ एक मजबूत नेतृत्व चुना है। श्री मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए यह एक ऐतिहासिक जनादेश है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनडीए सरकार देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम करती रहेगी। एनडीए के सहयोगियों ने कहा कि श्री मोदी के पास विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। नेताओं ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने में उनकी भूमिका की भी सराहना की।

इधर भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आवास पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं ने भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बैठक की। इधर इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया ने राष्ट्रपति को लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंप दी है।

0000000000000

आई एन डी आई ए गठबंधन के सहयोगी दलों ने सरकार बनाने की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास पर हुई। बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार, डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल हुए। इस अवसर पर श्री खरगे ने कहा कि आई एन डी आई ए गठबंधन संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति समर्पित सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है।

000000000000000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बैठक में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रपति भवन में कवरेज के लिए सेट-अप की समीक्षा की। इसमें सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कल नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में एनडीए गठबधंन के नेता और प्रधानमंत्री के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का सर्वसम्मति से समर्थन किया था।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनावों में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एन डी ए की सरकार को लगातार तीसरी बार स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की जनता की तरफ से एन.डी.ए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर पीएम मोदी को बधाई दी।

000000000000000000

असम गण परिषद के अध्यक्ष अतुल बोरा ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एन.डी.ए के सभी घटक दलों ने मिलकर लोकसभा चुनाव लडा है और देश की जनता ने भी लगातार तीसरी बार एन.डी.ए को जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि एन.डी.ए में शामिल सभी दल एकजुट है और उनमें जीत की खुशी है।

0000000000000000

केरल से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए आज अधिसूचना जारी हो गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता बिनॉय बिस्वाम, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेता एलामारम करीम और के सी-एम पार्टी के नेता जोस के मणि का कार्यकाल पहली जुलाई को समाप्त हो रहा है।

महाराष्ट्र से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव की अधिसूचना भी आज जारी हुई। यह सीट राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई है। केरल और महाराष्ट्र के लिए नामांकन इस महीने की 13 तारीख तक भरे जा सकते हैं। मतदान 25 जून को कराया जायेगा।

0000000000000000000000

हाल ही में विश्व की सबसे ऊची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर फतह करने वाली अरुणाचल प्रदेश की पांचवीं महिला पर्वतारोही काबाक यानो का आज दोन्यी पोलो एयरपोर्ट ईटानगर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कामले जिले की पच्चीस वर्षीय महिला पर्वतारोही काबक यानो ने नेपाल के पांच पर्वतारोहियों के साथ इस अभियान को पूरा किया था। काबाक यानो ने राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के पासीघाट कैंपस से बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स, हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट दार्जीलिंग से एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स और दिरांग स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स, निमास से सर्च एंड रेस्क्यू कोर्स किया है। काबाक यानो अरुणाचल प्रदेश स्टेट वुमेन क्रिकेट टीम की सदस्य भी है।

0000000000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज गर्मी के मौसम में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के उपायों और हीटवेव की तैयारियों पर राज्यों के साथ समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय डॉ. अतुल गोयल ने वर्चुअल बैठक का संचालन किया। बैठक के दौरान बताया गया कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के उच्च-स्तरीय अधिकारी स्थिति की कड़ी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आग लगने की अप्रिय घटना में मरीजों, कर्मचारियों और आगंतुकों को निकालने के लिए एसओपी के साथ एक आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना बनाई है।

इधर मौसम विभाग के अनुसार, देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में **अगले छह दिन के दौरान** गरज के साथ व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं, पश्चिमोत्तर में कल तक कुछ स्थानों पर बारिश और तूफान की संभावना है।

0000000000000000000